दिनांकः- 25.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा महोबा भ्रमण पर वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का किया गया निरीक्षण...।

### महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान पारदर्शिता लाने हेतु अधिक से अधिक अभिलेखों को डिजिटलाइजेशन करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये..।

आज दिनांक **25.02.2021** को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा, श्री के0 सत्यनारायण महोदय द्वारा जनपद महोबा का भ्रमण/वार्षिक निरीक्षण के निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में **IG** महोदय पुलिस कार्यालय महोबा पहुंचे, जहां मौजूद सलामी गार्द द्वारा महोदय को सलामी दी गयी महोदय द्वारा सलामी लेने के पश्चात पुलिस कार्यालय महोबा में अवस्थित सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कोविड केयर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया व आने-जाने वाली सभी आगन्तुकों से सम्बन्धित रजिस्टर को चेंक कर अंकन किया गया। शिकायत प्रकोष्ठ शाखा का निरीक्षण किया गया जहां प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी के बारे में जानकारी की गयी तथा सभी के जल्द निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश निर्गत किये। प्रधान लिपिक शाखा के निरीक्षण में महोदय द्वारा गार्द फाइल को चेक कर शाखा की महत्वपूर्ण पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जिसमें चरित्र पंजिका, लम्बित जांच, आदि को चेक कर सभी पत्रावलियों के रजिस्टर में अंकन करने एवं **RTI** से प्राप्त जनसूचना का ब्यौरा सम्बन्धित को समय से उपलब्ध कराने व अभिलेखों को अधिक से अधिक डिजिटल फीडिंग किये जाने के हेतु आदेशित किया गया साथ ही सीआरके ऑफिस में चरित्र पंजीका, सजा, वेतन पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये ट्रैनिंग प्राप्त कर चुके अधि0/कर्मचारियों के सम्बन्ध में अभिलेखों को चेक किया गया व आदेशित किया गया कि ट्रैनिंगशुदा अधि0/कर्मचारियों का ब्यौरा तैयार किया जाये जिससे जरुरत पडने पर सम्बन्धित का सहयोग लिया जा सके। आंकिक शाखा का निरीक्षण



करते हुये महोदय द्वारा ऑर्डर बुक, कर्मचारियों के **TA-DA** के नक्शों को चेक किया गया तथा प्रभारी आंकिक को कर्मचारियों की वेतन विसंगति की जांच कर निर्धारित वेतन दिये जाने के निर्देश दिये गये। **LIU** शाखा के निरीक्षण के दौरान शासन स्तर से प्राप्त पत्रावलियों का अवलोकन किया गया तथा प्रभारी स्थानीय अभिसूचना इकाई को आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर छोटी से छोटी घटनाओं पर विशेष सतर्कता बरतने हेतु आदेशित किया गया। अपराध शाखा का निरीक्षण करते हुये जनपद के चिन्हित अपराधियों से सम्बन्धित अभिलेखों को देखा गया। पेशी वाचक पुलिस अधीक्षक का निरीक्षण किया गया जिसमे महोदय द्वारा एसआर पत्रावलियों, जिलाबदर, गैंगेस्टर, वांछित अपराधियों के सम्बन्ध में जानकारी कर आगामी पंचायत चुनाब के दृष्टिगत धरपकड अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में महोदय द्वारा सभी शाखाओं के अभिलेखों को निरीक्षण कर खराब पडे पुराने सामान को लिस्ट बनाकर कण्डम कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस कार्यालय महोबा में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग में वार्ता करते हुये उनकी समस्याओं को सुना गया व उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया।



महोदय के जनपद महोबा भ्रमण/वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री कालू सिंह व पुलिस कार्यालय महोबा अवस्थित सभी शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के दृष्टिगत दिनाँक **24.02.2021** को थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा गठित टीम जिसमें चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 श्री अनमोल सिंह के नेतृत्व में मय हमराही कर्मचारी गण की मदद से अबैध शराब बेचते हुये 01 नफर अभियुक्त को महेवा तिराहा रोड वहद ग्राम महेवा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से मय 01 अदद कपड़े के थैले में 17 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 44/2021 धारा 60 **EX ACT** के मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

शिवकुमार अनुरागी पुत्र सरजूलाल अनुरागी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मेला मैदान कस्बा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामद माल का विवरणः-

01 अदद कपड़े के थैले में 17 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज बरामद होना

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 अनमोल सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल।

2.कां0 शिवम मौर्या 3.हे0कां0 सूरज सिंह(चालक)



## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने 760 ग्राम गांजा के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के दृष्टिगत आज दिनाँक **25.02.2021** को थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा गठित टीम ने दौराने तलाश वांछित अपराधी व तलाश अबैध शराब, गांजा आदि अभियान के दृष्टिगत 02 नफर अभियुक्तों क्रमशः 1. सविन्द्र यादव पुत्र रामाधार यादव उम्र करीब 22 वर्ष 2.मंयक साहू पुत्र अनिल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष को मय दो बण्डल में क्रमशः 350 ग्राम व 410 ग्राम कुल 760 ग्राम अबैध गांजे के साथ मुढ़ारी तिराहा वहद कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 45/2021 व 46/2021 धारा 8/20 **NDPS ACT** का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तगणों को मां0 न्यायायल महोबा पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 रघुनाथ यादव थाना कुलपहाड़
2. कां0 दयाशंकर 3. कां0 देवेन्द्र राजपूत 4. कां0 अनिल कुमार

### बरामदशुदा माल का विवरणः-

दो बण्डल में क्रमशः 350 ग्राम व 410 ग्राम, कुल 760 ग्राम अबैध गांजा बरामद होना।

### गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों का विवरणः-

**(1)** सविन्द्र यादव पुत्र रामाधार यादव उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नरवारा थाना अजनर जिला महोबा

**(2)** मंयक साहू पुत्र अनिल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड जिला महोबा



## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 25.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति" महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ वीरभूमि डिग्री कालेज जनपद-महोबा** में आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित कालेज की छात्राओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई। साथ ही टीम द्वारा उपस्थित सभी को मिशन शक्ति जागरुकता हेतु पम्पलेट्स भी वितरित किये गये।

इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य वीरभूमि डिग्री कालेज महोबा श्री सुशील बाबू द्वारा जनपद महोबा की मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी श्रीमती रचना सिंह को मोमेन्टो (समृति-चिन्ह ) प्रदान कर सम्मानित किया गया।








## पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा थाना श्रीनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये ...।

आज दिनांक **25.02.2021** को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा, श्री के0 सत्यनारायण महोदय द्वारा जनपद महोबा का भ्रमण/वार्षिक निरीक्षण के निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में पुलिस कार्यालय महोबा का वार्षिक निरीक्षण करने के पश्चात अल्प विराम लिया गया उसके उपरान्त **IG** महोदय थाना श्रीनगर के वार्षिक निरीक्षण हेतु रवाना हुये।



थाना श्रीनगर पहुंचकर **IG** महोदय द्वारा सलामी ली गयी, सलामी लेने के पश्चात थाना परिसर में मौजूद ग्राम प्रहरी (चौकीदार) से वार्ता की गयी जिसमें आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर सभी से गांवों में हर छोटी से छोटी घटना पर बारीकी से नजर रखने के निर्देश दिये गये जिसमें सभी से कहा गया कि सभी ग्राम प्रहरी किसी भी तरह की घटना की संभावना होती है तो उसकी सूचना फौरन थाने में दे. इसी क्रम में ग्राम प्रहरी दुर्जन सिंह व नारायण को अपने कर्तव्य पर सक्रिय रहने व अपराधियों के विरुद्ध सूचना एकत्रित कर थाने में दिये जाने के तहत अभियुक्तों धरपकड की गयी जिस पर **IG** महोदय द्वारा उनको पुरस्कार स्वरुप 500-500 रुपये के नगद ईनाम से पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में महोदय द्वारा थाना परिसर का भ्रमण किया गया जिसमें सैनिक आवास, भोजनालय, आदि का निरीक्षण किया गया जिसमें विषेश साफ-सफाई व आगामी होने वाली बरसात के मौसम को ध्यान में रखने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना परिसर में जो भी गाडियां खडी हैं जिनमें धारा व अपराध का मेंशन नहीं है उन सभी गाडियों में सम्बन्धित अपराध व धारा के अंकन हेतु हेड मुहर्रिर -- सुरेन्द्र सिंह को आदेशित किया गया साथ ही कहा गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। तत्पश्चात थाना कार्यालय के अभिलेखो का अवलोकन कर इन्वेस्टिगेशन किट को देखा गया तथा रजि**0**नं**0-4**, रजि0न0- **8** तथा फ्लाई शीट, भूमि-विवाद रजि**0**, महिला उत्पीडन रजि**0**, एससी/एसटी उत्पीड़न रजि**0**, माल रजि**0** सहित आदि रजिस्टरो को चेक करते हुये मिलान किया गया तथा माल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया जिसमें महोदय द्वारा आगन्तुक रजिस्टर को देखते हुये रजिस्टर से पीडित महिला से सम्पर्क स्थापित किया गया व उनसे हुयी कार्यवाही का फीडबैक लिया गया।

मालखाना और सम्पत्ति गृह के निरीक्षण के दौरान विशेष साफ-सफाई के लिये निर्देश देते हुये कहा गया कि मालखानें में जो सामान कन्डम हो गया है उसको नियमानुसार नष्ट करने की प्रक्रिया अपनायी जाये। इसी क्रम में महोदय द्वारा थाने के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी की समस्याओं हेतु वार्ता की गयी व सभी से आगामी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये अपने-अपने बीट क्षेत्र में सतर्क रहने व बीट क्षेत्र में क्रियाशील अपराधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये गये।



महोदय के जनपद महोबा भ्रमण/वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर**0**के**0** गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय व पुलिस कार्यालय महोबा अवस्थित सभी शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान की गई संदिग्धों की चेकिंग





आज दिनाँक 25.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पैदल गस्त एवं चेकिंग अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान कस्बे के मुख्य बाजार, बस-स्टैण्ड, गली-मोहल्लों आदि जगहों पर पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो को रोककर चेकिंग की गई। पुलिस के इस कार्य से लोगो में सुरक्षा का अहसास हो रहा है एवं आमजन व पुलिस में बेहतर तालमेल बन रहा है। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों के तहत 12 ई-चालान किये गये।







